# 2021-22 के लिए आवेदन फार्म भरने के लिए जानकारी हेतु दिशा-निर्देश

1) विभिन्न पाठ्यक्रमों/कार्यक्रमों (स्नातक/स्नातकोत्तर/प्रमाणपत्र एवं डिप्लोमा कार्यक्रम) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन फॉर्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रवेश के लिए कोई ऑफ़लाइन फॉर्म नहीं है।

2) आवेदन करने हेतु इच्छुक आवेदकों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://mgahvadmission.samarth.edu.in के प्रवेश पोर्टल पर जाना होगा।

3) प्रवेश पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण करके चरणबद्ध तरीके से आवेदन भरना होगा।

4) अभ्यर्थियों को समय सीमा से पहले ऑनलाइन फॉर्म पूरा करना होगा।

5) प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र पूर्ण रूप से भरा जाना है। एक-से-अधिक पाठ्यक्रमों में आवेदन करने पर प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए अलग आवेदन प्रपत्र भरते हुए शुल्क जमा करना होगा। **स्नातक/स्नातकोत्तर/पी.जी.डिप्लोमा/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के लिए अनारक्षित श्रेणी/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. के अभ्यर्थियों को रु.300/- तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग श्रेणियों के अभ्यर्थियों को रु.200/- का आवेदन शुल्क जमा करना होगा। एम.सी.ए./एम.टेक./एम.बी.ए./एम.एड./बी.एड. में आवेदन करने हेतु अनारक्षित श्रेणी/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. के अभ्यर्थियों को रु.500/- तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग श्रेणियों के अभ्यर्थियों को रु.300/- का आवेदन शुल्क जमा करना होगा।**

   अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर)/ ई.डब्ल्यू.एस./दिव्यांग/पूर्वोत्तर राज्य के विद्यार्थी/जम्मू एवं कश्मीर से विस्थापित/सेना के सेवानिवृत्त कर्मियों के बच्चों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और केंद्र सरकार के नियमानुसार आरक्षण दिया जाएगा। शुल्क का भुगतान क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/नेटबैंकिंग/यू.पी.आई. के माध्यम से भुगतान गेटवे में किया जाना है।

6) आवेदक **एक ही पंजीकृत ई-मेल के माध्यम से एक से अधिक** पाठ्यक्रम/कार्यक्रम में आवेदन भर सकता है।

7) अभ्यर्थियों को आवेदन प्रपत्र में अपना नाम शैक्षणिक प्रमाणपत्र के अनुसार भरना होगा।

8) पोर्टल पर **पंजीकृत अभ्यर्थी की ई-मेल आई.डी., मोबाइल** का उपयोग प्रवेश-संबंधी सूचनाओं को संप्रेषित करने के उद्देश्य से किया जाएगा।

9) फॉर्म में कोई भी क्षेत्र खाली नहीं छोड़ा जाना चाहिए। प्रस्तुत प्रपत्र को सभी प्रकार से पूर्ण होना चाहिए और अपूर्ण होने पर इसे अस्वीकार कर दिया जाएगा। यदि कोई भी क्षेत्र आपके लिए लागू नहीं होता है, तो उसमें NOT APPLICABLE दर्ज करें।

10) आवेदक के पास दस्तावेज़ को संपादित करने और सहेजने का एक विकल्प है। फॉर्म ध्यानपूर्वक भरें और इसे जांच लें, क्योंकि एक बार आवेदन शुल्क का भुगतान करने के बाद, कोई और संपादन/संशोधन संभव नहीं होगा।

11) यदि आवेदक आवेदन शुल्क जमा करने के बाद अपने आवेदन पत्र में कोई गलती पाता है, तो उसे सुधार करने के लिए एड्मिशन पोर्टल पर जाकर अपना समस्या/शिकायत Admission Grievance में दर्ज कर सकता है। आवेदक के अनुरोध पर आवश्यक होने की दशा में उस पर विचार किया जाएगा। परिवर्तनों को स्वीकार या अस्वीकार करने का निर्णय केवल प्रवेश समिति के पास है।

12) यदि मूल शैक्षणिक प्रमाणपत्र में नाम फॉर्म पर भरे गए नाम से अलग होता है, तो आवेदक को अधिकृत सरकारी निकाय से प्रमाणपत्र प्राप्त करना आवश्यक है।

13) पासपोर्ट साइज का नवीन फोटो व हस्ताक्षर की डिजिटल इमेज कॉपी तैयार रखें। फोटो छह माह से पुराण नहीं होनी चाहिए।

14) अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे संबंधित अंकपत्र अपलोड के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज की डिजिटल इमेज तैयार रखें।


15) आवेदन शुल्क/फीस के सफल भुगतान के बाद, फॉर्म का पीडीएफ/प्रिंट-आउट ले लें।

16) फॉर्म में यदि लाल स्टार* प्रदर्शित प्रविष्टि क्षेत्र है (इन्ट्री के खाने के पास * इंगित है) तो उसे भरना अनिवार्य/Mandatory है।

## प्रवेश 2021-22 आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया पूर्ण करें

चरण I: "नवीन पंजीकरण/नया रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करें।


1. इसमें मांगी गई जानकारी- आवेदक का नाम, ई-मेल, मोबाइल नंबर, तथा पासवर्ड (लॉगइन करते समय उपयोग करें) एवं संकेत कोड/Captcha भरकर पंजीकरण करें।
2. पंजीकरण सफल होने के लिए पंजीकृत ई-मेल आई.डी. पर जाकर वहां से ओटीपी प्राप्त करके इसे भरकर सत्यापित करें।
3. उपयोगकर्ता लॉग-इन पर क्लिक करें।




**चरण II:** "पंजीकृत उपयोगकर्ता लॉगिन" चरण I को पूरा करने के बाद, आवेदक प्रवेश पोर्टल पर लॉग-इन कर सकते हैं।
"पंजीकृत उपयोगकर्ता लॉगिन" अनुभाग में, आवेदक पंजीकृत ई-मेल आई.डी. और पासवर्ड (पंजीकरण के समय बनाया गया पासवर्ड) डालें, जो कि आवेदक ने चरण #I के "नए उपयोगकर्ता साइनअप" के दौरान बनाया है।
इसी लॉगिन आई.डी. का उपयोग आवेदक द्वारा हर बार करना होगा।


**चरण III:** प्रपत्र के विभिन्न भाग हैं :
Personal अनुभाग I: व्यक्तिगत विवरण : आवेदक पूछे गए सभी व्यक्तिगत जानकारी को भरना सुनिश्चित करें।
Other अन्य विवरण II : इसमें भाषा की दक्षता संबंधी जानकारी भरें।
Upload अपलोड III : इसमें पासपोर्ट साईज फोटो तथा हस्ताक्षर इमेज अपलोड करना है।
सभी व्यक्तिगत जानकारी भरने के बाद **Declaration/घोषणा** के **चेकबॉक्स पर** क्लिक कर, **सबमिट** बटन पर क्लिक करें।

**चरण IV:** पाठ्यक्रम/कार्यक्रम जिसमें आवेदन करना चाहते हैं उसे चयन करें।




- पाठ्यक्रम/कार्यक्रम स्तर में सर्टिफिकेट/डिप्लोमा/पीजी डिप्लोमा/ग्रेजुएट/पीजी कार्यक्रम में से चयनित करें।
- पाठ्यक्रम/कार्यक्रम में पाठ्यक्रम चयन करें।
- अध्ययन केंद्र में अध्ययन केंद्र चयन करें (विषयानुसार उपलब्धता के अनुसार – कृपया विवरणिका देखें)
- कुछ पाठ्यक्रम में लिखित परीक्षा सुनिश्चित है, अत: उसमें परीक्षा केंद्र चुनने का विकल्प उपलब्ध है। आवेदनकर्ता उसे सुविधानुसार चुनें।
- अगले भाग में संबंधित प्रोग्राम के लिए सभी अकादमिक विवरण भरें।
- आवेदक के पास नेट संबंधित जानकारी न होने पर उस भाग में प्रविष्टि न करें बल्कि स्किप/Skip बटन पर क्लिक करें।
- अपलोड्स अनुभाग में भरे गए सभी शैक्षणिक विवरणों के अंकपत्र (सर्टिफिकेट न लगाएं) अपलोड करें।
- भरे गए सभी विवरणों का पुन: सावधानीपूर्वक अवलोकन करें।

किसी त्रुटि को या भरी गई जानकारी को सुधार हेतु अपडेट/Update बटन पर क्लिक करें।



| पाठ्यक्रम/कार्यक्रम चयन / Programme Selection 1 | व्यक्तिगत विवरण / Personal Details 2 | अकादमिक विवरण / Academic Details 3 | अन्य विवरण / Other Details 4 | अपलोड्स / Uploads 5 | अवलोकन / Preview 6 | भुगतान / Payments 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|

Verify Details

| | |
|---|---|
| आवेदनकर्ता का पूरा नाम | Manoj Kumar |
| श्रेणी | General |
| PwD Category | Not Applicable |
| पाठ्यक्रम | B.A. / (बी.ए.) |
| भुगतान के लिए देय राशि | 300 |

VERIFY THE DETAILS BY CLICKING ON THE CHECKBOXES

- ☑ My Name is MANOJ KUMAR as per the XIIth Marksheet.
- ☑ My Date of Birth is 10-December-1972 as per the Xth Marksheet.
- ☑ My Category is General.
- ☑ My Gender is Male.
- ☑ My Mother name is Indu Bala.
- ☑ Father's / Guardian's Name Late Jagdish Mandal.
- ☑ My address for correspondence is correct, which is Dept. of Exam, Gandhi Hills, Wardha, Maharashtra -442001, India
- ☑ I have rechecked all the information in the application form besides.
- ☑ I have read all the guidelines in the Information Bulletin.

Home (Pay Later) | Payment Gateway GATEWAY - 1

- सभी वेरिफिकेशन विवरणों को चेक करें उसके बाद पेमेंट गेटवे पर क्लिक करें।
- उपलब्ध पेमेंट/भुगतान माध्यम से कार्यक्रम शुल्क का भुगतान करें। (भुगतान करते समय सुनिश्चित करें कि इंटरनेट सुविधा बाधित न हो)
- यदि भुगतान से संबंधित समस्या आती है तो दिए गए टोलफ्री नंबर या ई-मेल आई.डी. पर बैंक ट्रांजेक्शन विवरण के साथ अवगत कराएं।
- सफलतापूर्वक भुगतान करने के पश्चात् आवेदन का प्रिंट ले लें।
- ध्यान रखें कि भुगतान के बाद आपके द्वारा भरे गए आवेदन में अब कोई भी संशोधन नहीं हो सकता है। अत: भुगतान से पहले ही संशोधित करना सुनिश्चित करें।
- अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि प्रवेश से संबंधित सूचनाओं से स्वयं को अद्यतन रखने हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://hindivishwa.org/ को नियमित देखें।

नोट : भुगतान के पश्चात् अभ्यर्थी के डैशबोर्ड पर प्रोग्राम संबंधी जानकारी उपलब्ध होगी। एक-से-अधिक विषय में आवेदन के लिए उसी ई-मेल आई.डी. से ही लॉगइन कर पुन: प्रोग्राम चयन कर उपर्युक्त प्रक्रिया अपनाएं।

पाठ्यक्रम संबंधी/सीट संबंधी किसी अन्य जानकारी के लिए विवरणिका 2021-22 देखें एवं वेबसाइट का अवलोकन करें।

**Toll free Number/टोल फ्री नंबर :** 18002332141

**E-mail/ई-मेल:** admissionmgahv@gmail.com

**University Website/विश्वविद्यालय वेबसाइट :** **http://hindivishwa.org**

**Phone Number/फोन नं.:** 07152-251661